>

Title: Need to upgrade the Kota Railway Station in Rajasthan as a world class railway station.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): 2009-10 के रेल बजट के समय यह घोषणा की गई थी कि देश में 50 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तर के स्टेशनों का दर्जा देकर विश्व स्तर के रेलवे स्टेशन की तरह का ढांचा एवं सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। 2010-11 में विश्व स्तर की तरह के स्टेशनों का उल्लेख भी किया गया, जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा का कोटा स्टेशन भी शामिल किया गया था। अभी तक इस दिशा में घोषित किसी रेलवे स्टेशन पर एक प्रतिशत भी कार्य नहीं हुआ है। कहा जाता है कि इस कार्य को पूरा करने हेतु विदेशों से सलाहकार का चयन किया जाना था। कुछ कारणों से यह नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। विदेशी सलाहकार की जगह देश के इस कार्य में विशेषज्ञ लोगों का चयन करके इस कार्य को तत्काल सम्पन्न कराया जाये।

मेरा सरकार से यह भी अनुरोध है कि देश की बढ़ती विकास गति को ध्यान में रखते हुए कोटा रेलवे स्टेशन पर विश्व स्तर के स्टेशन का ढांचा तैयार किया जाए और सुविधाएं प्रदान की जाये, क्योंकि यह स्टेशन उत्तर से पश्चिम एवं दक्षिण जाने वाला रेल सेवा का एक केन्द्र बिन्दु है और पर्यटकों को इससे आकर्षित किया जा सकता है एवं इस संबंध में हो रही देरी की जानकारी दी जाये।